# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 28 नवम्बर।** बढ़ती महँगाई को रोकने में केन्द्र सरकार के विफल रहने के कारण दिनांक 12 दिसम्बर, 2021 को दिल्ली में महँगाई हटाओ रैली का आयोजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें राजस्थान के 35 से 40 हजार कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे। उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में व्यक्त किए।

श्री डोटासरा ने कहा कि वर्ष 2014 में एनडीए के प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित होने पर मोदी जी ने कहा था कि देश में महँगाई बढ़ रही है जिसे कम करना है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने उक्त समय देश की जनता से वादा किया था कि 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष दिए जाएंगे। साथ ही भारत की विदेश नीति सशक्त की जाएगी किन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन के 7 वर्षों के दौरान बेरोजगारी चरम पर है, विदेश नीति पर कोई कार्य होने की बजाए भारतीय सीमाओं का पड़ोसी देश उल्लंघन कर रहे है तथा बढ़ती महँगाई को रोकने में केन्द्र सरकार प्रयास ही नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की गलत आर्थिक नीतियों के कारण पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम बेतहाशा बढ़ रहे है, आम आदमी की थाली से रोटी दूर हो रही है। उन्होंने कहा कि मोदी शासन के दौरान पेट्रोल के दाम 71 रुपये से बढ़कर 105 रुपये प्रति लीटर हाल ही में की गई कमी के पश्चात् हैं, इसी प्रकार डीजल 57 रुपये से 96 रुपये प्रति लीटर हो गया है, एलपीजी सिलेण्डर के दाम 414 रुपये से बढ़कर 900 प्रति सिलेण्डर हो गए है, सोयाबीन तेल के दाम 60 रुपये के स्थान पर 225 रुपये लीटर हो गए है, दालें 70 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 190 रुपये प्रति किलोग्राम, चीनी 30 से बढ़कर 50 रुपये प्रति किलोग्राम, दूध 46 से 57 रुपये प्रति लीटर, घी 350 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 650 रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा उज्जवला योजना लागू कर प्रचार-प्रसार किया गया था कि गरीबों को मुफ्त गैस प्रदान कर धुएँ से मुक्ति दिलाएंगे, किन्तु इस योजना के तहत् चूल्हा तो ऋण के रूप में दिया गया तथा एलपीजी सिलेण्डरों के दामों में की गई बढ़ोत्तरी एवं समाप्त की गई सब्सिडी के पश्चात् इस योजना का लाभ प्राप्त करने में गरीब असमर्थ है। उन्होंने कहा कि ट्रेन का किराया बढ़ाया जाने से सार्वजनिक परिवहन महँगा हो गया तथा सड़क परिवहन का किराया भी इस आशंका के साथ कि मोदी सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल के दामों में पुनः बढ़ोतरी की जाएगी, कम  नहीं हो रहा है, जिस कारण देश को महँगाई से कोई राहत नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को सावधि जमा पर मिलने वाले

2....

Created by Universal Document Converter

ब्याज की दर 9 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है जिसके तहत् बचत राशि जो 8 वर्ष में दुगुनी होती थी वह अब 14 वर्षों में दुगुनी हो सकेगी जबकि केन्द्र सरकार ने अमीर उद्योगपतियों पर लगने वाला कार्पोरेट टैक्स 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया एवं आमजनता पर 1.45 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार डाल दिया है। उन्होंने कहा कि यूपीए शासन के दौरान जब कच्चे तेल की कीमतें अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 140 डॉलर प्रति बैरल थी तब तत्कालीन सरकार सब्सिडी देकर पेट्रोल-डीजल के दामों को घटाकर आमजनता को राहत प्रदान कर रही थी किन्तु वर्तमान सरकार अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम कम होने के बावजूद एक्साईज ड्यूटी लगाकर आम जनता को महँगाई के बोझ तले दबा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान केन्द्र सरकार के कुप्रबन्धन के कारण देश में लाखों लोगों की जान चली गई तथा देशभर में छोटे दुकानदारों, उद्यमियों एवं व्यापारियों के काम-धन्धे बंद हो गए किन्तु केन्द्र सरकार द्वारा इन्हें पुर्नस्थापित करने हेतु किसी प्रकार की कोई राहत प्रदान नहीं की गई। कांग्रेस पार्टी ने अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी एवं श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में मुफ्त वैक्सीनेशन एवं महँगाई सहित अनेक मुद्दों पर केन्द्र सरकार को घेरने का कार्य किया है तथा दिनांक 12 दिसम्बर, 2021 को बढ़ती महँगाई के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा महँगाई हटाओ रैली आयोजित की जा रही है जिसमें राजस्थान के प्रत्येक कोने से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे तथा कांग्रेस पार्टी द्वारा महँगाई कम करने के लिए केन्द्र सरकार को मजबूर किया जाएगा।

संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि महँगाई के कारण आमजनता परेशान है तथा समाज के सभी वर्ग आज महँगाई से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में महँगाई लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार को देश के संघीय ढाँचे की समझ नहीं है, उनके द्वारा राज्य तथा केन्द्र के संबंधों को नजरअंदाज किया जा रहा है। केन्द्र की गलत नीतियों के कारण देश के सभी राज्यों का बजट गड़बड़ा रहा है तथा राज्यों को कर्ज लेकर विकास कार्य करने पड़ रहे है। उन्होंने कहा कि केन्द्र द्वारा जो योजनाएं बनायी जाती है उनकी क्रियान्विति राज्य सरकारों द्वारा की जाती है इसलिए केन्द्र सरकार को राज्यों को मजबूत करने हेतु कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से देश में महँगाई बढ़ती है इस सिद्धान्त को सभी जानते है। उन्होंने कहा कि देश के कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के कारण केन्द्र सरकार में पेट्रोल-डीजल की कीमतों का बढ़ना रोक रखा है जबकि केन्द्र सरकार को आमजनता के हित में इन आवश्यक वस्तुओं पेट्रोल-डीजल के दामों की बढ़ोतरी को रोकना चाहिए भले ही इनके बदले तेल कम्पनियों को अनुदान देना पड़ा। उन्होंने कहा कि एक्साईज का बंटवारा केन्द्र एवं राज्यों के बीच होता है,

3....

Created by Universal Document Converter

वर्ष 2014 में पेट्रोल पर एक्साईज 9 रुपये 48 पैसे था जिसे घटा कर 1 रुपये 40 पैसे कर दिया गया है जबकि स्पेशल एवं एडिशनल एक्साईज को बढ़ाकर केन्द्र सरकार जनता से कर वसूल रही है इसी प्रकार डीजल पर भी एक्साईज घटाकर 1.80 कर दिया गया है तथा स्पेशल एक्साईज, एडिशनल एक्साईज जिनमें राज्यों का हिस्सा नहीं है उनमें स्पेशल एक्साईज 8 रुपये तथा एडिशनल एक्साईज 6 रुपये से 18 रुपये एवं सैस 4 रुपये लगाकर केन्द्र सरकार अपना खजाना भर रही है। केन्द्र के इस फैसले के कारण राज्यों को हिस्सा मिलना कम हो गया और केन्द्र सरकार की झोली भर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का पहले ही 20 हजार करोड़ का जीएसटी आय में नुकसान हो चुका है तथा 9 हजार करोड़ से अधिक रुपया जीएसटी के हिस्से का केन्द्र सरकार ने रोक रखा है जिसे तत्काल अदा करने की माँग कर रहे है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालातों को देखते हुए जीएसटी नुकसान के पुर्नभरण की सीमा वर्ष 2022 की बजाए वर्ष 2027 तक बढ़ानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती महँगाई को रोकने में केन्द्र सरकार विफल रही है जिस कारण कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी ने केन्द्र सरकार तक आम आदमी आवाज पहुँचाने के लिए दिल्ली में महँगाई हटाओ रैली आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि देश में आज दो प्रमुख मुद्दे है पहला महँगाई और दूसरा रोजगार। इन दोनों ही समस्याओं का समाधान करने में केन्द्र सरकार असफल है। उन्होंने कहा कि केन्द्र के नेता जब भी बात करते है तो इन दोनों मुद्दों को नजरअंदाज कर देते है जबकि देश की जनता महँगाई एवं बेरोजगारी से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयोजित होने वाली इस रैली में राजस्थान से सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे तथा रैली को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 12 दिसम्बर, 2021 को दिल्ली में आयोजित महँगाई हटाओ रैली की तैयारियों हेतु दिनांक 30 नवम्बर, 2021 को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर दोपहर 2.00 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा प्रदेश के सभी विधायक/प्रत्याशी, सांसद/सांसद प्रत्याशी, राजस्थान से सम्बद्ध अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के प्रदेशाध्यक्ष, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों की बैठक लेंगे।

- - - -

Created by Universal Document Converter